नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2022

हाल ही में जारी नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2022 (NRI-2022) की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अपनी स्थिति में छह स्थानों का सुधार किया है और अब इसे 61वें स्थान पर रखा गया है।

नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2022:

- **परिचय:**
    - नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स (NRI) रिपोर्ट चार क्षेत्रों में उनके प्रदर्शन के आधार पर 131 अर्थव्यवस्थाओं के नेटवर्क रेडीनेस परिदृश्य का माप करती है:
        - प्रौद्योगिकी, लोग, शासन और प्रभाव।
    - यह रिपोर्ट वाशिंगटन डीसी में स्थित एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी, गैर-पक्षपातपूर्ण अनुसंधान और शैक्षिक संस्थान पोर्टुलांस इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार की गई है।
    - साल के सूचकांक में 49 उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ, 32 ऊपरी-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ, 36 निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ और 14 कम आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ शामिल हैं।
- **वैश्विक रैंकिंग:**
    - अमेरिका द्वारा सबसे अधिक नेटवर्क में तैयार किये गये हैं तथा **नीदरलैंड (चौथे से) अब पहले स्थान पर आ गया है**।
    - सूचकांक में सबसे बेहतर परिणाम सिंगापुर के हैं जो कि(दूसरें) स्थान पर है, जबकि डेनमार्क (छठवें) और फिनलैंड (सातवें) स्थान पर है।
    - शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अन्य पाँच देश **स्वीडन** (तीसरे), **स्विट्ज़रलैंड (पाँचवें) जर्मनी** (आठवें), **दक्षिण कोरिया** (नौवें) और **नॉर्वे** (दसवें) हैं।
    - शीर्ष दस देशों के आधार पर NRI पुष्टि करता है कि यूरोप, एशिया और प्रशांत के कुछ हिस्सों तथा उत्तरी अमेरिका में उन्नत अर्थव्यवस्था **दुनिया के सबसे नेटवर्क बेहतर में आती हैं।**
- **भारत की स्थिति:**
    - भारत ने न केवल अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, बल्कि **वर्ष 2021 में 49.74 से वर्ष 2022 में 51.19 तक अपना स्कोर भी सुधारा है।**
    - **भारत कई संकेतकों में सबसे आगे है:**
        - भारत ने **"AI प्रतिभा एकाग्रता" में पहली रैंक हासिल की।**
        - "देश का “मोबाइल ब्रॉडबैंड इंटरनेट ट्रैफिक" और "अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट बैंडविड्थ" में **दूसरा स्थान।**
        - "दूरसंचार सेवाओं में वार्षिक निवेश" और "घरेलू बाज़ार आकार" में **तीसरा स्थान।**
        - "सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (ICT) सेवा निर्यात" में **चौथा स्थान।**
        - "FTTH/बिल्डिंग इंटरनेट सब्सक्रिप्शन" और "AI वैज्ञानिक प्रकाशन" में **5वीं रैंक है।**
    - रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास अपनी आय के स्तर को देखते हुए **अपेक्षा से अधिक नेटवर्क तत्परता है।**
        - यूक्रेन और इंडोनेशिया के बाद **निम्न-मध्यम-आय वाले देशों के समूह में भारत 36 में से तीसरे स्थान पर है।**

भारत की संबंधित पहल:

- राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन
- राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018।
- भारतनेट
- सरकार का डिजिटल इंडिया कार्यक्रम
- राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/network-readiness-index-2022